तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024




11 त्योहारी सीजन में खानापूर्ति बनकर रह गया खाद्य...



16 दीपावली तक हर दिन शुभ मुहूर्त आज धनतेरस...




धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
Hero Genuine Spare Parts
सादिक मोटर्स
हीरो पार्ट्स, डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत प्रतिनिधि
ओरिजनल स्पेयर पार्ट्स, स्टॉकिस्ट हीरो मोटर सायकल के अधिकृत स्पेयर पार्ट्स विक्रेता
पुनीत ढाबा के पास, बस स्टैण्ड नवापारा, मोहम्मद सादिक, मो.: 98261-74507, भूषण पटेल, मो.: 93405-54361


## खबर संक्षेप

### सद्भावना दौड़ आज

**गरियाबंद।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में 29 अक्टूबर को गरियाबंद में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम सद्भावना दौड़ आयोजित किया जाएगा। इसके तहत प्रातः 7 बजे गांधी मैदान से इंडोर स्टेडियम तक दौड़ का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इस आयोजन में सभी जिला अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए है। साथ ही आम नागरिकों से भी अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### आज भगवान राजीव लोचन का होगा विशेष श्रृंगार

**राजिम।** आज धनतेरस के शुभ अवसर पर भगवान श्री राजीव लोचन का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की जाएगी। सुबह 5.30 बजे मंदिर खुल जाएगा। पंडित विजय शर्मा, सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, शिवकुमार ठाकुर, राजेन्द्र मनु सहित पुजारियों द्वारा भगवान श्री राजीव लोचन का विभिन्न प्रकार के अष्टद्रव्यों, पंचामृत से अभिषेक कर श्रृंगार किया जाएगा।

### जिले में हाथी की फिर धमक दर्जनों गांव को किया अलर्ट

**महासमुंद।** जिले में एक बार फिर हाथियों का आतंक देखने को मिल सकता है क्योंकि बीती रात को एक छोटू नामक हाथी गरियाबंद जिले से महासमुंद जिले में प्रवेश कर चुका है। फलस्वरूप जिले के दो दर्जन गांवों को हाई अलर्ट किया गया है। वन विभाग द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से गांवों में सूचना दी गई है कि किसी भी हाल में जंगल नहीं जाएं। मिली जानकारी के अनुसार छोटू वर्तमान में खड़सा के खेतों में विचरण कर रहा है। उक्त दंतैल कभी भी सूखा नदी पार कर सरकड़ा, सोरिद खुर्द की ओर बढ़ सकता है। उक्त गांवों में प्रवेश की संभावना को ध्यान में रखते हुए खंड़सा, सरकड़ा, बोरिद, बलरामपुर, बाम्हनडीह, मंदबाय, धनसुली, जीवतरा, परसदा, लभरा, बकमा, कोना, खट्टी, केशवा, बिजराडीह, बोरियाझर, झालखम्हरिया, मुढ़ेना, उमरदा, अरंड, पतेरापाली, गौरखेड़ा, सोरिद को अलर्ट किया गया है। मालूम हो कि माह भर पूर्व ही 3 हाथियों का दल तथा एक पृथक अकेला हाथी लंबे समय तक विचरण करता रहा।

**विरोध : पटवारी, राजस्व निरीक्षक को तत्काल बर्खास्त कर दर्ज करें एफआईआर**

# देव स्थल पर राइस मिल निर्माण पर रोक लगाने ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर ग्राम जाड़ापदर में प्रमुख देव स्थल के नजदीक राईस मिल निर्माण कार्य को लेकर विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी समाज के साथ ही क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। देव स्थल के समीप राईस मिल निर्माण पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्राम जाड़ापदर व क्षेत्र के लोगों ने पूर्व में तहसीलदार, एसडीएम को मांग पत्र सौपा था। लेकिन अब तक निर्माण कार्य में रोक नहीं लगने के कारण सोमवार को सैकड़ों की संख्या में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासी व क्षेत्र के लोगो ने जंगी रैली निकाल मैनपुर में जमकर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कमार जनजाति के लोगों ने अपने परम्पारिक वेषभूषा व तीर धनुष लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल हुए तथा जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय मैनपुर का घेराव कर दिए। साथ ही राईस मिल निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम सौपां गया। सौपे गए ज्ञापन में मांग किया गया है कि संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रायपुर से अनुमति प्राप्त किए बिना ही व्यपवर्तित किया गया है जो नियम विरूद्ध है। इस दौरान ग्रामीणों ने राजस्व निरीक्षक, पटवारी को तत्काल बर्खास्त करते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।







### निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाए

ग्रामीणों ने कहा की राईस मिल के नजदीक ही देवस्थल के साथ तालाब, प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित किया जा रहा है। आने वाले समय में राईस मिल के निर्माण से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए पांच दिवस के भीतर व्यपवर्तित निरस्त कर राईस मिल निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाया जाए। अन्यथा जिला कलेक्टर कार्यालय घेराव करने बाध्य होगें। इस दौरान आदिवासी नेता कमार समाज के नेता बिजउ राम कमार,लाल सिंह नागेश, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमृत नागेश, कमार समाज के अध्यक्ष बनसिंह सोरी, आदिवासी कांग्रेस के गरियाबंद जिला अध्यक्ष खेदुनेगी ने कहा की तत्काल राईस मिल निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए क्योंकि जहां पर राईस मिल का निर्माण किया जा रहा है। वहां आदिवासी कमार जनजाति एवं क्षेत्र के लोगों का प्रमुख देव स्थल है और चारो तरफ देवी -देवताओं का स्थान है।

### निर्माण से करना पड़ेगा दिक्कतों का सामना

राईस मिल निर्माण से यहां पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा और क्षेत्रवासियों के जन भावनाओं को देखते हुए तत्काल राईस मिल निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए साथ ही पटवारी, राजस्व निरीक्षक को बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से कमार समाज के नेता बिजउ राम कमार, लाल सिंह नागेश, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमृत नागेश, कमार समाज के अध्यक्ष बनसिंह सोरी, आदिवासी कांग्रेस के गरियाबंद जिला अध्यक्ष खेदुनेगी, महेन्द्र नेताम, टीकम कपिल, प्रेमसाय जगत, हरिनाथ यादव, पिलेश्वर सोरी, गन्नुराम, राजकुमार, समारू, हरिनाथ यादव, विजय बहादूर परिहार, कोसिंग नेताम, राधेश्याम, अशोक कुमार नागेश, गौकरण नागेश, प्रताप सिंह, बुधराम, चरण सिंह नागेश, मधुराम नागेश, सुकदेव यादव, रमणीकांत सोनी, छबी दीवान, बेनाराम, रामलाल, देवसिंह सोरी, समारू राम, चमरू, भगतराम, जगत राम, सुन्दर, बजारू राम, देवसिंह, राजाराम, सुबेसिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। इस दौरान मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा दलबल के साथ मौजूद थे।

## दीयों की बिक्री पर नहीं होगी कर की वसूली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

दीपावली के अवसर पर स्थानीय कुम्हारों और ग्रामीणों के उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में दिये बेचने वाले कुम्हारों एवं ग्रामीणों से किसी प्रकार का कर वसूलने पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। यह निर्णय स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। इस कदम से कुम्हारों और ग्रामीणों को न केवल आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि वे बिना किसी बाधा के अपने पारंपरिक दीये बाजार में बेच सकेंगे। कलेक्टर अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि नगरपालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में दीये बेचने वाले कुम्हारों से किसी भी प्रकार का कर नहीं लिया जाएगा, और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन्हें किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। यह पहल स्थानीय कुम्हारों और छोटे व्यवसायियों के लिए दीपावली पर एक खास तोहफा है, जो अपने हाथों से बने मिट्टी के दियों से बाजारों को रोशन करते हैं। कलेक्टर ने आम जनता से भी आग्रह किया है कि वे इस दीपावली अधिक से अधिक मिट्टी के दीयों का उपयोग करें और स्थानीय उत्पादों को समर्थन दें, जिससे न केवल कुम्हारों का व्यापार बढ़ेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान होगा। कलेक्टर अग्रवाल का यह संवेदनशील निर्णय निश्चित रूप से स्थानीय शिल्पकारों को सशक्त करेगा और उन्हें त्योहार की रौनक में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर देगा।


# धनतेरस बाजार सज-धज कर तैयार, होगी धनवर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

आज धनतेरस है। खरीदी के लिए धनतेरस को बड़ा महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। धनतेरस के एक दिन पहले सोमवार को इस अंचल का सबसे बड़ा मार्केट नवापारा और राजिम शहर का बाजार सज धज के तैयार है। शहर का मेन मार्केट सदर बाजार और मंडी मार्ग पर मां लक्ष्मी पूजा से संबंधित माला, फोटो से लेकर सभी तरह की सामग्री आकर्षण का केंद्र बन गया है। सभी दुकानों में लाइट की चकाचौंध से पूरा मार्ग चकमक कर रहा है। लोगों के बीच खुशियां और उत्साह भरा वातावरण छलका हुआ नजर आ रहा है। धनतेरस, दीपावली के महापर्व में शहर के चप्पे-चप्पे पर नाना प्रकार की दुकानें सजी हुई हैं। सदर बाजार में सराफा व्यापारियों की दुकानें सजी हुई है। इसके अलावा महालक्ष्मी पूजा से संबंधित फोटो से लेकर बताशा, लायचीदाना, माला जैसा हर आयटम लुभा रहा है।

- दुकानों में लाइट की चकाचौंध से पूरा मार्ग हुआ चकाचक





### फटाका मार्केट सजकर तैयार आज जलेंगे 13 दीए

शहर के हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल में फटाका मार्केट सज चुका है। तो वहीं राजिम के मेला मैदान में भी जोरदार लाइटिंग के साथ फटाका दुकान सजाकर दुकानदार बैठ गए है। फटाको में इस बार एक से बढ़कर एक आयटम आया हुआ है जिसमें खासतौर से जी-बुंबा, किटकैट, स्वास्तिक वील, सायरन चकरी, सायरन अनार, ताजमहल, फोटो प्लेस, मैजिक, विट, 25 शॉट, 50 शॉट, 100 शॉट, 500 शॉट तक के नए फटाके शामिल है। इसके अलावा बम, मैजिक टॉर्च, डांसिंग विल जैसे बहुत से वैरायटी यहां मिल रहा है। शहर के व्यापारी बहुत खुश है क्योंकि रौनक बता रहा है कि आज धनतेरस में जमकर धन बरसेगा। लोग खरीदी के लिए सुबह से लेकर रात तक पहुंचते रहेंगे। पंडित कन्हैया तिवारी के मुताबिक आज धनतेरस के अवसर पर धन के रक्षक, यक्षों के राजा कुबेर का विशेष पूजन का दिन है। कुबेर को प्रसन्न करने षोडशोपचार पूजन करके उत्तराभिमुख 13 दीप जलाकर स्थिर मां लक्ष्मी की कामना करने से मां प्रसन्न हो जाती है। घर में सुख समृद्धि, धन वैभव आता है। बताया कि घर में सुख, शांति तथा वैभव प्राप्ति के लिए दीप दान अवश्य करना चाहिए। धनतेरस में विशेषकर सोना, चांदी चिरस्थायी रहता है। इस मुहुर्त में शुभ कार्य व लेन-देन भी शुभ माना जाता है। खासकर ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक्स सामान और मां लक्ष्मी, भगवान श्री गणेश जी के पूजा के लिए खरीददारी का विशेष महत्व है।

### मातर महोत्सव पर लोक मंच का होगा आयोजन

**छुईहा बेलर।** दीपावली पर्व के मातर महोत्सव के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, तुलस वर्मा ने कहा कि मातर महोत्सव के अवसर पर दोपहर 12 से 3 बजे तक लोक संध्या जगराता सांस्कृतिक कार्यक्रम झलप बागबाहरा टीकम पटेल कृत आयोजित होगें। वहीं रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए जोबा बुंदेली की लोक सुवा कला मंच नाचा पार्टी का कार्यक्रम रात्रि 10 बजे प्रारंभ होगें जो रात भर चलेगें। बताया गया कि इस नाचा कार्यक्रम में लड़की जोकर, परी सहित अन्य पात्र में होंगें। इसके अलावा सुबह से पारम्परिक लोक रावत नाचा, कांछन, मड़ाई बैरक शौर्य प्रदर्शन होंगे।


हरिभूमि पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468



|| शुभ मुहूर्त आया ||
हीरो साथ आया
Hero GIFT
धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाओं सहित राजीवलोचन ऑटोमोबाईल लाये है
उपहार की बौछार







डिस्काउंट ही डिस्काउंट
HF सीरीज में 4500 तक डिस्काउंट*
पैशन प्लस में 3000 तक डिस्काउंट*
करिज्मा 8000 तक डिस्काउंट*
Mavrick में 12000 तक डिस्काउंट*
पैसे धान बेचने के बाद*
कम डाउन पेमेंट ₹ 1999*
12000/-* तक नगद डिस्काउंट पायें
हीरो की प्रत्येक गाड़ी की खरीदी पर पायें हेलमेट और आकर्षक उपहार
राजीवलोचन ऑटोमोबाईल | फिंगेश्वर रोड, राजिम, मो. - 9770000678

## धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाओं के साथ
## 29-30 अक्टूबर धनतेरस की शुभ खरीदी पर
## नवकार ज्वेलर्स में आपका हार्दिक स्वागत है...

।। बाबा ॐ श्री शिव ।।

महादेव

मानक पथप्रदर्शक
भारत सरकार द्वारा
मान्यता प्राप्त
हॉलमार्किंग ज्वेलरी
100% वापसी के साथ

# नवकार ज्वेलर्स

सच्चा सौदा ईमानदारी का

## राजिम





### इस त्योहारी पर्व की खरीदी नवकार के संग

हमारा वादा सच्चे सौदा का

हमारा वादा ईमानदारी का

### हॉलमार्किंग डिटेल

लाईसेंस नं. HM/C 5990102719
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त हॉलमार्किंग ज्वैलरी दुकान
प्रत्येक जेवर सरकार (BIS) द्वारा
अधिकृत संस्था से प्रमाणित

### नवकार गारंटी

* रेट + मजदुरी + टैक्स मिलाकर
Complete में सबसे कम
(इससे सस्ता कहीं नहीं)
* प्रत्येक जेवर BIS हॉलमार्क प्रमाणित
(इससे अच्छा कहीं नहीं)
प्रत्येक जेवर का रेट टैक्स + मजदुरी मिलाकर सबसे कम

हमारा वादा होलसेल रेट का

365 दिन सच्चा भाव

### आग्रह

अपने परिवार, मित्र एवं प्रियजनों को यह
WHATSAPP के द्वारा SHARE जरुर करें

हमारा वादा हॉलमार्क जेवर का

365 दिन सच्चा सौदा

| राजिम | नवापारा | रायपुर |
|---|---|---|
| सुंदर लाल शर्मा चौक, बस स्टैंड | पुराना जिला सहकारी, बैंक के पास | श्याम टॉकीज रोड, बूढ़ापारा |
| 9755411000, 6269801000 | 9074100000, 6269702000 | 9329732777, 6269703000 |

विशेषः- इसके अलावा हमारी और कोई अन्य संस्था नहीं है.

### संबंधित प्रतिष्ठान

शांति विजय स्टोर्स
नवापारा

शांति विजय एम्पोरियम
राजिम

प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### सहकारी समिति फिंगेश्वर की सिवनी बनी प्रबंधक

**फिंगेश्वर।** प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति फिंगेस्वर क्रमांक 287 नव निर्वाचित प्रबंधक सिवनी साहू ने प्रबंधक पद का प्रभार लिया। जिसके तहत कार्यालय मे अन्य समिति प्रबंधक एवं अध्यक्षो ने बधाई दी। इस अवसर पर प्रभारी प्रबंधक बलदाउ कश्यप जामगाव प्रबंधक रुद्रेस ध्रुव, समिति अध्यक्ष चोवाराम खुटे, पोशाक अधिकारी रामकुमार गुप्ता, सदस्य रमलू, लालू राम निषाद, ग्वालिन साहू, रूखमणी साहू, खुमान साहू आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि वनोपज समिति फिंगेश्वर के पूर्व प्रबंधक के आकस्मिक निधन हो जाने पर यह पद प्रभारी के अनुरूप चल रहा था जिसमें नवनिर्वाचित प्रबंधक सिवनी साहू ने अपना कार्यभार सम्हाला हैं।

### एसआई के लिए हसनैन चयनित

**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड नंबर 15 के निवासी मोहम्मद हसनैन रजा पिता मोहम्मद



असफाक रिजवी का चयन पुलिस विभाग के एसआई के लिए हुआ है। इस युवक के चयन होने पर परिजनों, मित्रों तथा उनके शुभचिंतको ने शुभकामनाएं दी है।

### तीन किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** बाइक सवार व्यक्ति से वाहन चेकिंग के दौरान सिंघोडा पुलिस ने तीन किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान आरोपी की बाइक के सीट कवर के अंदर 3 किलोग्राम खुला मादक पदार्थ गांजा कीमत 45 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी को धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

**विडंबना : खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की सक्रियता सिर्फ त्योहारी सीजन तक ही सीमित**

# त्योहारी सीजन में खानापूर्ति बनकर रह गया खाद्य सुरक्षा अभियान, दिखावटी है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

त्योहारी सीजन आते ही हर साल की तरह खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की सक्रियता बढ़ जाती है। मिलावटी मिठाइयों, घी, तेल, और अन्य खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन क्या ये दावे असल में ग्राहकों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए हैं, या फिर केवल खानापूर्ति? कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और नमूना संकलन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है, लेकिन नागरिकों का मानना है कि यह सक्रियता साल भर क्यों नहीं दिखाई देती। त्योहार बीतते ही मिलावटखोरों पर नजरें कमजोर क्यों पड़ जाती हैं? अब तक जिले के सभी विकासखंडों से 15 नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं। इस दौरान, 11 खाद्य कारोबारियों को प्रतिष्ठानों में स्वच्छता न बनाए रखने पर नोटिस भी जारी किए गए। मां जतमई धाम स्थित एक होटल से खराब गुणवत्ता की मिठाइयां जब्त की गईं, जिनमें हलवा, मिल्क केक, खोपरा लड्डू, बालूशाही, गुलाब जामुन, और पेठा जैसे खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

### स्थानीय खाद्य सामग्री पर जोर देने की अपील

कलेक्टर ने मिठाई दुकानदारों को निर्देश दिया है कि बाहर से मिलावटी या अमानक खोवा न आयात करें और न ही बिना बिल के खोवा खरीदें। उन्हें स्थानीय किसानों से दूध खरीदकर स्वयं खोवा तैयार करने की सलाह दी गई है, ताकि गुणवत्ता बनी रहे। लेकिन क्या यह आदेश मात्र निर्देशों तक सीमित रह जाएगा, या फिर सख्ती से लागू किया जाएगा?





### नियमित निरीक्षण व सख्त कार्रवाई का अभाव

खाद्य सुरक्षा अधिकारी तरुण बिरला और पुष्पराज चौहान ने विगत महीनों में जिले में कार्यवाही कर 13 मामलों में अमानक और असुरक्षित खाद्य प्रकरणों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। इनमें से कई प्रकरणों में दोषसिद्धि होने पर 69 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया और पांच मामलों में कारावास की सजा भी दी गई। लेकिन, आम जनता का मानना है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की यह सक्रियता सिर्फ त्योहारी सीजन तक सीमित रहती है। कई दुकानदार ऐसे होते हैं जो साल भर मिलावटी सामग्री बेचते हैं, लेकिन उन पर नियमित निरीक्षण और सख्त कार्यवाही का अभाव रहता है।

### आमजन की जागरूकता और सतर्कता की आवश्यकता

खाद्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे त्योहारों में मिठाई या अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते समय सावधानी बरतें। पैक खाद्य पर निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट, एफएसएसएआई लाइसेंस और अन्य जानकारियां देखकर ही खरीदें। ऐसा न करने से मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन का जोखिम बढ़ जाता है। फिर भी, एक बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन की ओर से जारी यह अपील लोगों तक सही तरीके से पहुंच पाती है? जिले में त्योहारों के समय अमानक खाद्य पदार्थों की जांच के नाम पर औपचारिकता पूरी करने का जो चलन है, उसे स्थायी सुधारों और नियमित निगरानी में बदलने की आवश्यकता है।

### गुडशेड निर्माण की मांग को लेकर सांसद बृजमोहन को सौंपा ज्ञापन

**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष, रायपुर जिला राइसमिल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष विजय गोयल ने रायपुर जिला अंतर्गत नवापारा-राजिम में रेलवे विभाग द्वारा गुडशेड निर्माण कराने की मांग को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर उन्हें पहल करने के लिए आग्रह किया।



श्री गोयल द्वारा सौंपे गए आवेदन मे उल्लेखित किया हैं कि केंद्र सरकार के रेलवे विभाग के द्वारा वर्तमान में नवापारा तक रेलयार्ड का निर्माण प्रगति पर है, इसी के अंतर्गत अभनपुर अथवा नवापारा-राजिम में गुडशेड निर्माण का भी प्रावधान है। मालूम हो कि संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा अभनपुर एवं नवापारा में मौके पर आकर परीक्षण कर लिया गया है। चूंकि नवापारा में ही गुडशेड का निर्माण होता है तो निश्चित ही रेलवे विभाग को अधिकतम राजस्व की आय तो होगी साथ ही गरियाबंद जिला, कुरूद धमतरी जिला, अभनपुर रायपुर जिला में लगभग 300 राइस मीले संचालित हैं, नवापारा-राजिम में एफसीआई जो कि रायपुर जिले की दूसरे क्रम में सबसे ज्यादा चांवल उपार्जन करने वाली संस्था है। साथ ही त्रिवेणी संगम से उत्पादित तरबूज, साग सब्जियां भी भरपूर मात्रा में होती है। इन सभी को गुडशेड निर्माण हो जाने से व्यापार में भी वृद्धि होगी, साथ ही साथ कम से कम 1000 मजदूरों को भी इसमें रोजगार मिलेगा। ऐसे मे उन्होंने उक्त बातों को उल्लेख करते हुए नवापारा-राजिम में ही गुडशेड का निर्माण के लिए रेलवे के सम्बंधित उच्चाधिकारियों से आवश्यक पत्राचार करने ज्ञापन सौंपा हैं।

## स्रोत समन्वयक ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शिक्षा में कसावट लाने विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने फिंगेश्वर विकासखंड के प्राथमिक शाला खुड़ियाडीह, हायर सेकंडरी स्कूल खुटेरी, मिडिल स्कूल बिजली एवं प्राथमिक शाला सुरसाबांधा स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, अध्ययन अध्यापन, नियमित उपस्थिति, अपार आईडी, आय जाति, निवास प्रमाण पत्र, त्रैमासिक



परीक्षा परिणाम संबंधी जानकारी शाला प्रमुखों से ली। इस अवसर पर उन्होंने सभी शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता पूर्ण देने, जिन विषयों के परीक्षा परिणाम अपेक्षित रूप से कम आएं है उनके विषय शिक्षक को अतिरिक्त क्लास लेकर परिणाम में सुधार लाने की बाते कही। वहीं सभी छात्र -छात्रओं का आय, जाति एवं निवास प्रमाण बनाने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया ताकि कोई भी विद्यार्थी शासन से मिलने वाली योजना के लाभ से वंचित न हो। अब अपार आई डी पहली से बारहवीं तक सभी विद्यार्थियों का बनाया जाना है इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर लेवें। वहीं सभी विद्यार्थी नियमित रूप से शाला में उपस्थित रहें।इनके लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते रहें। इस अवसर पर संकुल समन्वयक भुवन यदु, नरेश साहू, दशरथ वर्मा, प्राचार्य याचना जोशी, व्याख्याता संतोष ठाकुर, अनिल बर्रे, शिक्षक नंदकुमार यादव, टिकेंद्र यदु एवं शाला के शिक्षक गण उपस्थित थे।

### कॉलेज की छात्राओं ने किया सुआ नृत्य



**नवापारा-राजिम।** शहर के भीतर और आसपास के गांव में युवतियां इस बार बड़ी संख्या में पड़की-सुवा नृत्य के लिए गांव-गांव से निकली हुई है। सुवा नृत्य करने कॉलेज की छात्राएं निकली हुई है। यह तस्वीर ग्राम जौंदी के किसान टीकम चंद साहू ने भेजी है।






JSJ
Jai Satyadev
Jewellers

धनतेरस एवं दीपावली पर्व की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...

त्योहारों के
इस मौके को बनाये खास

पाएं सोने के आभूषणों की खरीदी पर
₹4000/-
प्रति तोला की छूट

यह ऑफर केवल आज से 01 नवबंर 2024 तक वैध है

एडवांस बुकिंग
इस धनतेरस हमारी एडवांस बुकिंग प्लान के साथ, न्यूनतम 10% का भुगतान करें और बुक की गई दर या प्रचलित दर, जो भी कम हो, पर ज्वैलरी प्राप्त करें।



जय सत्यदेव ज्वेलर्स

सदर रोड, नवापारा राजिम छ.ग. | संपर्क करें : 98266 42497

प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123










प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें


धनतेरस एवं दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
100% BIS Licensed Hallmark Jewellery
जय
छत्तीसगढ़
ज्वेलर्स
तो आईये, बढ़ाएं एक कदम, शुद्धता की ओर
सोने एवं चांदी के आभूषणों की
संपूर्ण श्रृंखला
न्यूनतम मेकिंग चार्जेस एवं
बेस्ट गोल्ड प्राईज गारंटीड के साथ
सौदा करें शुद्धता, विश्वास
एवं सही कीमत का
सिर्फ और सिर्फ हमारे साथ
पुराना नगरपालिका के बाजू,
सदर रोड, नवापारा,
मो. 9584643678


धनतेरस एवं दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
आर्टिफिशियल एवं डिजाइनर ज्वेलरी
की संपूर्ण रेंज उपलब्ध
कृति
बेन्टेक्स ज्वेलरी
आर्टिफिशियल एवं फैशन ज्वेलरी का शो-रूम
दिखने में सोने से कम नही
और खो जाये तो कोई गम नही
गोल्ड कवरिंग
ज्वेलरी पर
वापसी की गारंटी
कृपया एक बार पधारकर
सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें ।
सदर रोड, जैन भवन के पास, नवापारा (राजिम), मो. 9584643678


PJ
श्री प्रियंका ज्वेलर्स
हॉलमार्क वाले जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता
दीपावली धमाका
रु. 51,000/-
की नगद खरीदी में
सोने का सिक्का
प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
सदर रोड, नवापारा नगर
मो. 6265230620, 9425290275
बजरंग चौक, छुरा मो. 9993286315


धनतेरस, लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
नई साज सज्जा के साथ... आपके विश्वास का प्रतीक
नीलम ज्वेलर्स
नगर पंचायत रोड, राजिम
मो. 98266-41649
नीलम बर्तन भंडार
प्रो. नीतू जैन, मो. 80851-41649

लक्ष्मी पूजा, दीपावली की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



# राजीव लोचन कृषि केन्द्र

बुड़ेनी-भेण्डरी



संतोष पटेल
सामाजिक कार्यकर्ता

धनतेरस, लक्ष्मीपूजा, एवं दीपावली के शुभ अवसर पर
समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई...शुभकामनाएं...

प्रो. राजेश नैनवानी
कु. हर्षा नैनवानी

# A-1 डेलीनिड्स

गंज रोड नवापारा-राजिम

हमारे यहाँ विशेष रेडिमेड मिठाई
- काजू कतली
- शाही गजक
- काजू रोल
- रसगुल्ला
- मथुरा पेड़ा
- अंजीर बर्फी
- खजूर बर्फी
- श्री गुड़ फल्ली चिकी
- तिल्ली चिकी



आईस्क्रीम कई फ्लेवर में
काजू बादाम, किशमिश, पिस्ता
स्पेशल पेकिंग में



लक्ष्मीपूजा, एवं दीपावली के शुभ अवसर पर
समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई...शुभकामनाएं...
2015 से आपकी सेवा में

# कात्यायनी भारत गैस ग्रामीण वितरक भेण्डरी



नीलकंठ सिन्हा
पूर्व जनपद सदस्य भेण्डरी



अब आपके सेवा में...
भारतगैस



नवल सिन्हा
संचालक

प्रो. नवल सिन्हा, मेन रोड भेण्डरी

धनतेरस, लक्ष्मी पूजा
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं

# लालचंद बंगानी - भागचंद बंगानी

नवापारा-राजिम

धनतेरस, लक्ष्मीपूजा एवं दीपावली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

# महालक्ष्मी ज्वेलर्स

विश्वास की वैभवशाली परम्परा
हाल मार्क चांदी की शानदार पायल भी उपलब्ध



1 लाख रुपए की नकद जेवर खरीदी पर एक स्मार्टवॉच बिल्कुल फ्री
प्रो. लीलेश कुमार पारख, मो. 9826503701
पंजवानी चौक के पास, गंज चौक, नवापारा-राजिम

इंडियनऑयल IndianOil

इण्डियन आयल परिवार की ओर से
दीपावली एवं तुलसी पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं...






# आदित्य पेट्रोल पम्प

नवागाँव, बुड़ेनी मगरलोड
मो. 9827468188

श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला गरियाबंद, समस्त पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष एवं सदस्यगण की ओर से

# लक्ष्मीपूजा - दीपावली

की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...





अरविंद अवस्थी
प्रदेशाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ, छ.ग.



श्यामकिशोर शर्मा
जिलाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ, जिला गरियाबंद



रमेश चौधरी
महासचिव श्रमजीवी पत्रकार संघ, जिला गरियाबंद

विनीत : एक शुभचिंतक


प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी पूजन 1 नवंबर को एवं गोवर्धन पूजा 2 को

**मैनपुर।** इस वर्ष दीपावली पर्व को मनाने की दो तिथि पर लोगों के मन में संशय की स्थिति निर्मित हो रही है। दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि 30 अक्टूबर बुधवार को धनतेरस



कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या को दीपावली का पर्व मनाया जाता है श्री देव पंचांग के अनुसार इस वर्ष कार्तिक अमावस्या 1 नवंबर दिन शुक्रवार को है अतः एक नंबर को ही श्री लक्ष्मी पूजन कर दीपावली का पर्व मनाया जाना श्रेष्ठ होगा दीपावली में लक्ष्मी पूजन का मुहूर्त प्रातः 7.30 से 10.30 दोपहर 12 से 1.30 गोधूलि शाम 4.35 से 6..11 वृषभ स्थिर लग्न पर शाम 6.14 से रात्रि 8.13 रात्रि 9.00 से 10.30 एवं सिंह स्थिर लग्न में रात्रि 12.41 से 2.51 तक श्री महालक्ष्मी पूजन का विशेष मुहूर्त रहेगा कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को मनाया जाने वाला गोवर्धन पूजा अन्नकूट का पर्व 2 नवंबर दिन शनिवार को मनाया जाएगा 3 नवंबर दिन रविवार को यम द्वितीया भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा।

### दीपावली पर 5 दिनों का शुभ संयोग : पं. शर्मा

**नवापारा-राजिम।** इस दिवाली महापर्व पर विशेष शुभ मुहूर्त और संयोग बन रहे हैं जो देश की न केवल अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी हैं बल्कि जमीन जायदाद ,नए निवेश, प्लांट, मशीनरी, वाहन और स्वर्ण आभूषण की खरीदी शुभकारी होंगे। पं ब्रम्हदत्त शर्मा ने



बताया कि 29 अक्टूबर को त्रिपुष्कर योग है। दिन में 10:32 से धन तेरस भी लग रहा है, सोने चांदी के आभूषण, बर्तन, यंत्र आदि लेने के विशेष मुहूर्त हैं। 30 बुधवार को सूर्योदय धनतेरस में ही हो रहा है। बुधादित्य योग बन रहा है। सौम्य हस्त नक्षत्र में आनन्द योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और संध्या समय काली चौदस है। 31 अक्टूबर को शनि, कुम्भ राशि में रहेंगे, यह शुभ संयोग 30 साल में बन रहा है। उत्तर-पश्चिम भारत में इस दिन अधिकांश स्थानों में महानिशा में महालक्ष्मी का पूजन होगा। बताया कि दक्षिण पूर्वी भारत में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में 1 नवम्बर को दीपावली मनाई जाएगी।

## निधन

### मेघराज पटेल

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम कसेकेरा निवासी मेघराज पटेल 62 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे पटेल समाज राजिम राज व छुरा राज संरक्षक गैन्द लाल पटेल के छोटे भाई व टंकेश्वर व लक्ष्मण के पिता थे।

# शिक्षक ने बनाया बैटरी से चलने वाला मोपेड, 2.30 घंटे की चार्जिंग पर 90 किमी चलने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद के मैनपुर विकासखण्ड के खैरमाल प्राथमिक स्कूल में पदस्थ शिक्षक मोहर साय अपने स्कूल में नवाचार को लेकर मशहूर हैं। इस बार वे स्कूल के बाहर नवाचार कर सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल शिक्षक साय ने पेट्रोल से चलने वाली मोपेड को अपनी तकनीक से बैट्री चलित मोपेड बना दिया है। गणित और विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षक महंगे बजट में कटौती और पर्यावरण के लिए पहल किया है। शिक्षक ने सेकेंडहैंड पेट्रोल चलित मोपेड को इलेक्ट्रॉनिक असेंबल में 60 से 70 हजार खर्च किया। जो 2.30 घंटे के चार्ज में 90 किमी का सफर तय करती है। शिक्षक

**पुराने मोपेड पर तकनीकी का इस्तेमाल कर बैटरी से चलने वाला बनाया**





ने कहा कि रोजाना पेट्रोल में खर्च होने वाले पैसे तो बचेंगे ही इसके साथ- साथ पर्यावरण सुरक्षा के संदेश देकर मुझे सुकून मिल रहा है। मैनपुर विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला खैरमाल के शिक्षक ने बताया कि उन्होने सबसे पहले पुरानी मोपेड खरीदा और उसमें तकनीकी का इस्तेमाल कर उसे अपने हाथों से बैटरी से चलने वाला बनाया है उन्होने ने कहा जंगल भीतर स्कूल में पढ़ाया जाना पड़ता था पैडल मार कर सायकल से जाना पड़ता था बहुत परेशानी होता था तब मुझे ऐसा लगा कि एक ऐसा सायकल बनाया जाय जो बगैर पेट्रोल से चले और पैसा भी बचे उसके बाद मैनें प्रयास चालू किया फेन से चलने वाले मोटर उपयोग किया तो वह सक्सेज नहीं हुआ। फिर सेल्फ स्टाट देखा तो भी सक्सेज नहीं हुआ फिर डीसी मोटर में सफलता मिली। शिक्षक ने बताया एक बार चार्ज करने पर 90 से 100 किलो मीटर चलता है और पेट्रोल नहीं लगता। दो-ढाई घंटे में बैटरी चार्ज हो जाता है और एक क्वीटल का वनज खीच लेता है।

**बैठक : धान खरीदी की सभी तैयारियां समय सीमा में करें सुनिश्चित : अग्रवाल**

# धान खरीदी की गड़बड़ी पर संबंधितों पर होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

समर्थन मूल्य पर आगामी धान खरीदी के सुचारू संपादन के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी संपादन के लिए सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समय सीमा में पूरी की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी एक महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। पंजीकृत किसानों को सुगमता से धान बेचने की सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए।उन्होंने निर्देश दिए कि धान खरीदी की सभी तैयारियों के सत्यापन की रिपोर्ट 2 नवंबर तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए। इसके तहत खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच भी हो। किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए यह सुनिश्चित करें कि अवैध धान का भंडारण और विक्रय न हो। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि किसी भी गड़बड़ी पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नोडल अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अध्ययन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक खरीदी केंद्र के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि संवेदनशील और आवश्यक केंद्रों के लिए दो नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

- दायित्वों का सक्रियता के साथ गंभीरता से निर्वहन करें




**बड़े किसानों को मिलेगा तीन टोकन**

इस बार लघु एवं सीमांत किसानों को दो टोकन और बड़े किसानों को तीन टोकन प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि खरीदी केंद्रों से धान का उठाव निरंतर हो। अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण के मामलों में जप्त गाड़ियों को खरीदी की अवधि समाप्त होने तक नहीं छोड़ा जाएगा। सभी ऐसे प्रकरणों में जप्त गाड़ियों की गूगल फॉर्म के माध्यम से एंट्री की जाएगी। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु, डीएमओ अमित चंद्राकर, सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी गोस्वामी, सहायक पंजीयक उषा ध्रुव सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे।

**चबूतरों की सफाई तय समय में पूरी**

धान खरीदी केंद्रों में चबूतरों की साफ-सफाई, तारपोलिन व्यवस्था आदि तय समय में पूरी होनी चाहिए। कलेक्टर ने सभी केंद्रों में धान खरीदी से संबंधित जानकारी फ्लेक्स एवं बैनर के माध्यम से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया, जिनमें राज्य और जिला स्तर के हेल्पलाइन नंबर भी अनिवार्य रूप से मुद्रित किए जाएं ताकि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लोग तत्काल हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकें।

**बायोमेट्रिक डिवाइस व इलेक्ट्रॉनिक तौल की व्यवस्था करें**

कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों से यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी धान खरीदी केंद्रों में साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर, प्रिंटर, बायोमेट्रिक डिवाइस, इंटरनेट कनेक्शन, आर्द्रता मापी एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की व्यवस्था समय पर पूरी हो। इस बार केवल इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों का उपयोग किया जाएगा, जिसका पूर्व सत्यापन नापतौल विभाग से आवश्यक रूप से कराया जाए। खरीदी केंद्रों में नए और पुराने बारदानों की व्यवस्था, सुतली, रंग आदि भी समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाएं।

## राज्यपाल पुरस्कार से 5 स्काउट छात्र सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला फिंगेश्वर में भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला आयुक्त एके सारस्वत, जिला सचिव रोमनलाल साहू, डीओसी स्काउट आशीष साहू, डीओसी गाइड सीमा साहू, स्काऊट प्रभारी गिरवर यादव के कुशल मार्गदर्शन में परसदाकला के 05 स्काऊट योगराज साहू 10वीं, द्रोणाशीष ध्रुव 10वीं, भुपेन्द्र कुमार साहू 10वीं, शशिकांत साहू 11वीं, खेमराज साहू 11वीं ने सत्र 2024-25 में राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में सफलता अर्जित किए हैं। उक्त सफलता पर स्काऊट प्रभारी गिरवर यादव संस्था प्रमुख एन एस ठाकुर, प्रधानपाठक लेखराम साहू, संकुल समन्वयक टोकेश साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बालिक राम साहू, ग्राम पंचायत सरपंच कांति मोहन निषाद, जनपद सदस्य नेमीचंद देवांगन, एसएमसी सदस्य संतोषी साहू, नेमिन साहू, युवराज साहू, रवि साहू, खुमान साहू, नारद साहू, रेवा राम जांगड़े, विद्यालय के समस्त स्टाफ केपी साहू, अविनाश कश्यप एम दास, सीमा साहू, गार्गी कश्यप, एस अंसारी, आरती कोसरे, कल्पना भारद्वाज, यवन साहू, संगीता साहू, जसवंतीन टोडरे, उत्सव यदु, देवेन्द्र सिन्हा, गोकुल ध्रुव, कल्याणी साहू, इद्राणी साहू शुभकामना दी है।

### चरभट्ठी में मातर महोत्सव में होगा नाचा

**छुईहा बेलर।** दीपावली पर्व के मातर महोत्सव के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजिन के तहत बारूला में झांकी का तथा चरभट्ठी ममा भाचा का रात्रिकालीन नाचा कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी सुकदेव साहू बारूला, भारत साहू चरभट्ठी ने दी है।

# दीपावली तक हर दिन शुभ मुहूर्त आज धनतेरस पर विशेष संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

दिवाली पर अपनी जरूरत का सामान खरीदने वालों के लिए इस बारह-नक्षत्रों के कई संयोग बन रहे है। इनका शुभारंभ शनिवार से ही शुरू हो गया है, जो अगले 6 दिन तक बनता रहेगा। माना जाता है कि या-नक्षत्रों के इन संयोग में जमीन, वाहन, आभूषण सहित अन्य कीमती सामान को सखरीदी न केवल शुभ होती है, बल्कि उसके विशेष फल भी प्राप्त होते हैं। ग्रह-नक्षत्रों के इन संयोग पर नए कार्यों को शुरू करना भी शुभ फलदायी माना जाता है। पंडित गोलू महाराज ने बताया कि इन विशेष दिनों में मकान, भूमि, मशीनरी, स्वर्णाभूषण खरीदना शुभ फल देगा। वहीं नए कार्यों का शुभारंभ, निवेश आदि भी विशेष फलदायी रहेगा। त्योहारी मांग के कारण कारोबारियों को भी इन 6 दिनों में बाजारों में भीड़ और खरीदारी बढ़ने की उम्मीद और उत्साह है। त्योहार के साथ ही शादी समारोह का सीजन भी शुरू होने वाला है। ऐसे में इन दिनों कारोबारी नया स्टाक लेकर बैठे हैं। लोग दिवाली के साथ शादियों के सीजन को ध्यान में रखकर खरीदारी कर रहे हैं। रविवार को मानस, शुक्ल, पद्म, महालक्ष्मी, गजकेसरी, पर्वत योग जैसे छह शुभ योग था। धनतेरस व दिवाली को देखते हुए बाजार पूरी तरह सजकर तैयार है। रविवार को भी बाजार में भीड़ दिखी।



**धनतेरस के साथ लक्ष्मीनारायण और त्रिपुष्कर योग**

मंगलवार को लक्ष्मीनारायण योग, त्रिपुष्कर योग की निष्पत्ति के साथ-साथ धनतेरस का अबूझ मुहूर्त रहेगा। ज्वैलरी, इलैक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, चांदी, श्री एवं कुबेर यंत्र की खरीदारी के लिए शुभ होगा। 30 अक्टूबर बुधवार आनंद योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, लक्ष्मीनारायण योग बन रहा है। इसी दिन हस्त नक्षत्र व्यापार की दृष्टि से शुभ है। शेयर हन बाजार में निवेश शुभ फल देगा। 31 अक्टूबरः गुरुवार को दिवाली पर शनि कुंभ राशि में वक्री अवस्था में रहेंगे। इससे शश महापुरुष राजयोग बनेगा। दिवाली पर शनि का येशुभ संयोग 30 साल बाद बन रहा है। दिवाली पर मां लक्ष्मी की पूजा काल में की जाती है। यह शुभ माना जाता है।



### दिवाली के लिए सजा बाजार, छाई रौनक

**मैनपुर।** दिपावली पर्व के पूर्व सोमवार को त्योहारी बाजार मैनपुर में जबरदस्त भीड़ देखने को मिली और खासकर कपड़े, इलेक्ट्रानिक, पटाखा के साथ साथ मिट्टी के दिए के दुकानों में अच्छी खासी खरीदी बिक्री हुई। सुबह से देर शाम तक सप्ताहिक बाजार मे भीड़ देखा गया। दीपावली पर्व तीन दिन का समय शेष है इस पर्व को लेकर बाजार पूरी तरह सज कर तैयार है। बाजार में घर आंगन में सजने वाले रंगोली से लेकर सजावटी समानों की बहार है, इसके अलावा मिट्टी से बने दीपक, कलशा की जमकर खरीदी हो रही दीवाली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखाने को मिल रहा है। खासकर कपड़ा, सजावटी समान की जमकर बिक्री हो रही है इसके अलावा विद्युत के झालर भी लोग अपने घरों को जगमग करने के लिए खरीद रहे है।

## सुआ नृत्य : बालिकाओं में उत्साह

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्रामीण अंचल में इन दिनों दिपावली पर्व की तैयारी जोर-शोर से चल रहा है। आदिवासी परंपराओं अनुसार छत्तीसगढ़ में सुआ नित्य का महत्व है और सुआ नित्य गांव के गौरा चौरा में फूल खोचने के बाद प्रारंभ होता है। इन दिनों सभी ग्रामों में गौरा चौरा में आदिवासी महिलाओं एवं गोड़ बैगा द्वारा पांच दिन पहले से गौरा चौवरा पर रात्रि में पूरे पांच दिनों तक चावल चढाया जा रहा है साथ ही साथ सुआ नृत्य भी प्रारंभ हो जाता है।



जिससे छोटे- छोटे बालिकाओं एवं बड़े मां, बहन, बेटियों द्वारा यह परंपरा सुआ नृत्य करते आ रहे हैं जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के गांवों में बड़े उत्साह के साथ गांव- गांव गली मुहल्लों में सुआ नृत्य करते नजर आ रहे हैं। साथ ही एक गांव से दूसरे गांव जा रही सुआ नृत्य के लिए बालिकाओं की टोली सड़कों पर देखी जा रही है। यह परंपरा दिपावली तक गांव- गांव में नजर आएंगी। परंपरा अनुसार सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जो न केवल उनके धार्मिक और सामाजिक जीवन को समृद्ध करता है, बल्कि उनके सांस्कृतिक गर्व और पहचान को भी बनाए रखता है।



### बीएड प्रशिक्षार्थियों को दी गई विदाई

**फिंगेश्वर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दर्रीपार फिंगेश्वर में बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षणार्थीयों को 18 सप्ताह के प्रशिक्षण के पश्चात विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानपाठक गीता यादव की। कार्यक्रम में सभी बीएड प्रशिक्षणार्थीयों के द्वारा स्कूली छात्र व छात्राओं को उपहार एवं स्कूल को स्मृति चिन्ह के रूप में सरस्वती मां की छायाचित्र भेंट किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा भी सभी प्रशिक्षणार्थीयों को भेंट देकर सम्मानित किया गया।प्रसाद स्वरूप सभी को खीर-पूड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ड्राईंग, कलश डेकोरेशन एवं रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगितामें प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थीयों को पुरुष्कार वितरण किया गया। प्रचार्य गीता यादव ने कहा कि बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षार्थीयों का व्यवहार एवं ज्ञान हमारे शासकीय शाला के विद्यार्थीयों के हित में रहा। सभी बच्चों को एवं हमें भी कुछ नया सिखने का मिला। सभी प्रशिक्षणार्थीयों ने भी प्रशिक्षण के अंतिम दिन अपने-अपने अनुभव प्रस्तुत करते हुए शासकीय मिडिल स्कूल कन्या शाला की तारिफ की। विदाई समारोह में शाला के स्टाफ कुमार पटेल, हुलस टंडन एवं बीएड प्रशिक्षणाथी निधि, खुशबू,वीणा, सिमरन, खिलेश्वरी, योगिता, भास्कर समेत बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद थे।

टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेज़र तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
29 अप्रैल से 07 मई 2025, 04 मई से 12 मई 2025
10 मई से 18 मई 2025, 15 मई से 23 मई 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130